आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

दिनांक 28.05.2024 समय 18.30

- प्रदेश में रिकॉर्ड तोड़ गर्मी से जनजीवन बेहाल–चूरू में पारा 50 डिग्री से ऊपर तो गंगानगर, पिलानी और फलौदी में 49 डिग्री पार हुआ।
- प्रदेश में चिकित्सा विभाग ने हीट वेव से बचाव और उपचार के उच्च स्तरीय प्रबंध किये–सभी अस्पतालों में नोडल अधिकारी नियुक्त।
- लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा – 17वीं लोकसभा महिला आरक्षण विधेयक समेत कई अन्य ऐतिहासिक कानूनों के लिए जानी जाएगी।

- राज्य सरकार ने पूर्ण बजट को लेकर जनता से सुझाव मांगे।

000

पूरे प्रदेश में भीषण गर्मी और लू से जनजीवन बेहाल है। इस बार की गर्मी ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिये हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि आज चूरू में अधिकतम तापमान 50 डिग्री को पार कर गया जो अब तक का सर्वाधिक है।

......................

पूरे प्रदेश में गर्मी से जनजीवन खासा प्रभावित हुआ है। सुबह 9–10 बजे के बाद से ही पारे में तेजी के कारण घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है। लू के थपेड़ों से झुलसन महसूस हो रही है। अलवर में वाहन चालकों को धूप और लू से बचाने के लिये दोपहर में ट्रैफिक लाईट्स को 3 घंटे बंद रखने का फैसला किया गया है। पाली में आज तापमान 45 डिग्री के

आस–पास पहुंचते ही सड़कों पर पानी का छिड़काव किया गया। कोटा में विभिन्न वर्गों को गर्मी से राहत देने के लिये प्रशासन ने कई अहम फैसले लिये हैं। ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

...........................

इस बीच मौसम विभाग ने आगामी 48 घंटों में राज्य के अधिकांश हिस्सों में अधिकतम तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट होने की संभावना जताई है। विभाग ने कहा है कि पूर्वी राजस्थान में 30 मई से जबकि पश्चिम राजस्थान में 31 मई से भीषण लू से राहत मिलने की प्रबल संभावना है। वहं झुन्झुनू जिले में कल के लिये भीषण लू का रेड अलर्ट जारी किया गया है। इसी तरह राजधानी जयपुर, बूंदी, दौसा, धौलपुर, कोटा के लिये भीषण लू का ऑरेंज अर्लट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने एक नए पश्चिमी विक्षोभ के असर से 31 मई को राज्य के उत्तरी भागों में कहीं–कहीं मेघगर्जन, आंधी और हल्की बारिश की संभावना जताई है।

राज्य के पश्चिम और उत्तरी भागों में कहीं–कहीं 1 और 2 जून को भी आंधी–बारिश का मौसम रहने का आसार है।

000

चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कहा है कि चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग ने हीटवेव से बचाव और उपचार के लिए उच्च स्तरीय प्रबंधन किया है। हीटवेव प्रबंधन की मॉनिटरिंग के लिए हर अस्पताल में एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। श्री खींवसर आज लागातार दूसरे दिन जयपुर में विभाग के उच्च अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि

प्राकृतिक आपदा की इस घड़ी में पूरा चिकित्सा तंत्र अलर्ट मोड और प्रो–एक्टिव एप्रोच के साथ काम कर आमजन को राहत दे रहा है। उन्होंने कहा कि चिकित्सा व्यवस्थाओं को लेकर कोई भी लापरवाही या कमी सामने आती है तो संबंधित अस्पताल अधीक्षक की जिम्मेदारी तय की जाएगी। बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में श्री खींवसर ने कहा कि  हीटवेव के इस समय में आमजन को राहत के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है।

..............................

चिकित्सा मंत्री ने कहा कि  28 मई तक हीट स्ट्रोक से पांच संदिग्ध मौत के मामले सामने आए हैं, इनमें से एक मौत की पुष्टि हीट स्ट्रोक से पूर्व में की जा चुकी है, जबकि जयपुर, जोधपुर, नागौर एवं उदयपुर में एक–एक मौत की अभी ऑडिट की जा रही है। इस बीच जलदाय मंत्री कन्हैया लाल ने आज जयपुर में विभाग के विभिन्न कार्यालयों का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

**000**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने आज राजभवन में राज्यपाल कलराज मिश्र से शिष्टाचार भेंट की। राजभवन के बाहर मीडिया से बातचीत में श्री डोटासरा ने कहा कि सरकार चुनावों में व्यस्त है, ऐसे में उन्होंने राज्यपाल से बिजली और पानी उपलब्ध कराने और जनता को राहत दिलाने का आग्रह किया है। श्री डोटासरा ने कहा कि उन्होंने फर्जी डिग्री से नौ करियों में आने वाले व्यक्तियों के मामले की जांच करवाने का भी राज्यपाल से

निवेदन किया है। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों को नौकरियों से निकाला जाना चाहिए।

000

प्रदेश में जिलों के प्रभारी सचिव आज से अपने–अपने प्रभार वाले जिलों का दौरा कर रहे हैं। इस दौरान पानी और बिजली की उपलब्धता और लू–तापघात तथा मौसम बीमारियों के ईलाज के लिये अस्पतालों में किये गये इंतजामों की समीक्षाकी जा रही है। प्रभारी सचिव जिलों में रात में चौपाल लगायेंगे और वहीं ठहरेंगे। बूंदी के प्रभारी सचिव कुंजी लाल मीणा ने जिला कलेक्ट्रेट की विभिन्न शाखाओं का अवलोकन किया। उन्होंने इस दौरान जिला कलेक्ट्रेट में लोगों की समस्याएं सुनी और संबंधित अधिकारियों को समस्या का त्वरित निस्तारण कर राहत देने के निर्देश दिए। जयपुर जिले के प्रभारी और ऊर्जा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव आलोक गुप्ता ने बस्सी के उप जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने हीट वेव के चलते अतिरिक्त बैड रिजर्व रखने के आदेश भी दिये।

......................

भीलवाडा जिले के प्रभारी सचिव नवीन महाजन ने हुरड़ा पंचायत समिति क्षेत्र में मनरेगा कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने गुलाबपुरा कस्बे के पास स्थित विजय गौशाला का भी निरीक्षण किया। भरतपुर की जिला प्रभारी सचिव शुचि त्यागी ने अधिकारियों की बैठक लेकर बिजली और पानी की आपूर्ति की समीक्षा की।

................

000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि निवर्तमान 17वीं लोकसभा महिला आरक्षण विधेयक, तीन तलाक उन्मूलन और भारतीय न्याय संहिता जैसे विधेयकों को पारित करने के साथ–साथ अपने ऐतिहासिक कानूनों के लिए जानी जाएगी। नई दिल्ली में आज आकाशवाणी समाचार से विशेष बातचीत में श्री बिरला ने अपने पांच साल के कार्यकाल को याद करते हुए कहा कि ये कानून देश को आगे ले जाएंगे और सकारात्मक बदलाव लाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि 17वीं लोकसभा के दौरान हुई चर्चा और बहस वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के लिए एक रोडमैप के रूप में काम करेगी।

........................

000

राज्य सरकार ने चालू वित्त वर्ष के पूर्ण बजट को लेकर तैयारियां शुरू कर दी हैं। सरकार ने जुलाई में संभावित पूर्ण बजट के लिए जनता से सुझाव मांगे हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि राज्य के नागरिक वित्त विभाग की वेबसाइट पर जाकर बजट को लेकर अपने सुझाव 15 जून तक दे सकते हैं। उन्होंने लिखा कि राज्य के सर्वांगीण विकास में नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सरकार को नागरिकों के कीमती सुझावों की जरूरत है।

गौरतलब है कि राज्य सरकार ने आठ फरवरी को अंतरिम बजट पेश किया था। अब 31 जुलाई से पहले विधानसभा में पूर्ण बजट पेश किया जाना है।

000

झुंझुनूं के निजी अस्पताल में एक रोगी की किडनी का गलत ऑपरेशन करने के मामले में राज्य सरकार ने अस्पताल का क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट रजिस्ट्रेशन रद्द कर दिया है. साथ ही विभिन्न सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं में अस्पताल का एम्पैनलमेंट निरस्त करने की कार्यवाही भी शुरू कर दी है। चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि झुंझुनूं के निजी अस्पताल में एक महिला रोगी की दाईं किडनी के स्थान पर बाईं किडनी निकाल देने का गंभीर मामला सामने आया था। चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अस्पताल के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की है। श्रीमती सिंह ने कहा कि अस्पताल को सीज करने की कार्रवाई भी प्रक्रियाधीन है। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय की गाइडलाइन के अनुसार पूरे प्रकरण में 5 सदस्यीय जांच दल गठित कर जांच करवाई जा रही है। जांच के बाद पुलिस अधीक्षक झुंझुनूं द्वारा प्रकरण में एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

000